तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 कांग्रेस को बूथ से जिला स्तर पर मजबूत कर नई ...





12 चारामा क्षेत्र में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण जारी




## खबर संक्षेप

### दो बाइक की टक्कर में एक की हुई मौत

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत कोयलीबेड़ा बाजार से घर आने के दौरान सड़क दुर्घटना में कोयलीबेड़ा निवासी 55 वर्षीय घसिया राम आंचला का मौत हो गया। कोयलीबेड़ा निवासी 35 वर्षीय सोनूराम आंचला ने पुलिस को बताया कि मृतक अपने मोटर सायकल से कोयलीबेड़ा का बाजार 5 दिसंबर को गया हुआ था। वापस घर आते समय विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे घसिया राम का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### करंट की चपेट में आने बुजुर्ग की हुई मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत बड़ेझारकट्टा निवासी 60 वर्षीय बुधराम कवासी का बिजली करंट लगने से मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश पुलिस को बताया गया कि मृतक बिजली की चपेट में आने से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**अभियान :** कॉलेज परिसर में औचक पहुंचे कलेक्टर क्षीरसागर ने जवानों का बढ़ाया हौसला

# जंगलवार कॉलेज को पॉलीथिन फ्री जोन बनाने जवानों ने छेड़ी जंग व दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जंगलवार कॉलेज का शांत और हराभरा परिसर आज एक प्रेरक दृश्य का गवाह

- पर्यावरण संरक्षण को प्रशिक्षण संस्कृति का हिस्सा बनाने की अनोखी पहल
- सशस्त्र झंडा दिवस पर किए गए श्रमदान ने पूरे जिले में दिया स्वच्छता का मजबूत संदेश

बना, जब सैकड़ों जवानों और अधिकारियों ने हाथों में दस्ताने, थैले और जिम्मेदारी की भावना लिए पूरे उत्साह के साथ पॉलीथिन मुक्त परिसर बनाने न सिर्फ परिसर की स्वच्छता को नई ऊर्जा दी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्थान की गंभीरता को भी मजबूत संदेश के रूप में सामने रखा। इस विशेष पहल में जिले के कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर का उपस्थित होकर जवानों का उत्साहवर्धन करना इस कार्यक्रम को





और भी सार्थक और प्रेरणादायी बन गया। देशभर में नक्सल उन्मूलन प्रशिक्षण के प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार जंगल वॉर कॉलेज अपनी कठोर ट्रेनिंग, आधुनिक तकनीकों और अनुशासित कार्यशैली के लिए जाना जाता है, लेकिन इस कॉलेज की एक विशेषता और भी है, यहां जवानों को सिर्फ शारीरिक क्षमता या रणनीतिक दक्षता ही नहीं, बल्कि प्रकृति संरक्षण, सफाई और सिविक सेंस की आदत भी प्रशिक्षण का अभिन्न हिस्सा बनाई जाती है। संस्थान का मानना है कि एक जागरूक और जिम्मेदार जवान तभी पूरी तरह विकसित माना जा सकता है, जब वह समाज और पर्यावरण दोनों के प्रति संवेदनशील हो। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए कॉलेज परिसर को पॉलीथिन फ्री जोन बनाने का अभियान लंबे समय से चल रहा है। पॉलीथिन पर्यावरण के लिए कितना हानिकारक है, इससे हर कोई परिचित ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सामाजिक जिम्मेदारी की भूमिका निभाई

सशस्त्र झंडा दिवस के अवसर पर 7 दिसंबर को डीआईजी शंकर लाल बघेल के निर्देशन में और संस्था के डीएसपी अमर सिंह कुर्रे के नेतृत्व में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह होते ही 350 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी अलग-अलग टीमों में बंटकर संस्थान के सभी हिस्सों-रिहायशी परिसर, प्रशिक्षण मैदान, ऑफिस क्षेत्र, सड़क मार्गों और आसपास के जंगलों तक में फैले पॉलीथिन व प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करने में जुट गए। अभियान की विशेषता यह रही कि इसमें सभी कर्मचारियों ने स्वेच्छा से हिस्सा लिया और इसे केवल सफाई नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी की तरह महसूस किया।

### समाज में बड़े बदलाव स्वतः आने लगते हैं

सुबह भ्रमण पर औचक जंगलवार कॉलेज परिवार के साथ पहुँचे जिले के कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने पूरे कार्यक्रम का निरीक्षण किया। जवानों के सामूहिक प्रयास और अनुशासन को देखकर उन्होंने गहरी प्रशंसा व्यक्त की। कलेक्टर ने कहा कि जंगलवार कॉलेज का यह प्रयास सिर्फ एक संस्थान की सीमा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणादायी संदेश है। उन्होंने जवानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को यदि आदत बना लिया जाए, तो समाज में बड़े बदलाव स्वतः आने लगते हैं। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों, मोहल्लों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों को पॉलीथिन मुक्त रखने में सहयोग दें। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि प्रशासन और संस्थानों के प्रयास तभी सफल होंगे, जब आम जनता भी इसमें अपना योगदान देगी।

# मोहपुर में सर्वजनिक शराबखोरी पर रोक जुर्माना के लिए टांगा बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दसपुर

विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहपुर में नदी और पुल के आसपास बाहरी लोगों द्वारा शराब पीकर गंधगी फैलाने की शिकायतें लगातार सरपंच और जनप्रतिनिधियों को मिल रही थीं। शराब पीकर बोतलें तोड़ने से कई बार ग्रामीणों के पैर में कांच चुभने की घटनाएं भी सामने आई हैं। शराबियों की हरकतों से परेशान ग्रामवासियों और युवाओं ने मिलकर सराहनीय पहल की है। गांव के पास एक सूचना बोर्ड लगाया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि ग्राम मोहपुर क्षेत्र में शराब पीना और गंदगी करना सख्त मना है। ऐसा करते पकड़े जाने पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। ग्राम पंचायत मोहपुर के सरपंच संदीप मंडावी ने बताया कि हमारा उद्देश्य नदी-नालों को स्वच्छ रखना और आसपास का माहौल बेहतर बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्व यहां अक्सर शराब पीकर गंदगी फैलाते हैं। इतना ही नहीं, शहर से आने वाले कुछ लोग भी कचरा नदी में डालते हैं, जिससे जलस्रोत दूषित हो रहे हैं। ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि कोई भी व्यक्ति गांव के आसपास शराब पीते या गंदगी करते पकड़ा गया तो उस पर 5,000 रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। सूचना बोर्ड लगाने में ▶▶| शेष पेज 10 पर



- नदी और पुल के आसपास बाहरी शराब पीकर फैलाते हैं गंदगी



# कड़ी सुरक्षा में हुई अमीन भर्ती परीक्षा अभ्यर्थियों को गणित के पश्नों ने छकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित इस परीक्षा में हजारों अभ्यर्थी सुबह-सुबह ही निर्धारित

- कई केंद्रों पर दो चरणों में की सुरक्षा जांच और बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की

केंद्रों पर पहुंच गए, जिससे परीक्षा केंद्रों के बाहर भारी भीड़ और उत्साह का माहौल देखने को मिला। परीक्षा व्यवस्था की अभ्यर्थियों ने खुले दिल से सराहना की, कई केंद्रो में छात्रों को परेशान भी होना पड़ा। परीक्षा को नकल रहित और शांतिपूर्ण रखने के लिए केंद्रों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल के साथ-साथ पर्यवेक्षक दल भी पूरे समय तैनात रहा।

छत्तीसगढ़ में लंबे समय से प्रतीक्षित जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन पदों की लिखित भर्ती परीक्षा रविवार को प्रदेश भर में उत्साह और सकारात्मक माहौल के बीच सम्पन्न हुई। उम्मीदवारों को केंद्रों में प्रवेश से पहले कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। कई केंद्रों पर दो चरणों की सुरक्षा जांच और बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई। मोबाइल फोन, घड़ी, ब्लूटूथ सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्धारित समय पर प्रश्नपत्र वितरण के साथ ही परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा हाल से बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य से मध्यम रखा गया था। भू-अभिलेख, सर्वेक्षण, चकबंदी, राजस्व संहिता, सामान्य ज्ञान, गणित और कंप्यूटर ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। कई परीक्षार्थियों का कहना था कि गणित और भू-अभिलेख वाले प्रश्न तकनीकी थे, जिनमें विशेष समझ की आवश्यकता थी, जबकि सामान्य ज्ञान अपेक्षाकृत सरल था। कई उम्मीदवारों ने समय प्रबंधन को परीक्षा की सबसे बड़ी चुनौती बताया। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों से आए ▶▶| शेष पेज 10 पर

# समस्याओं का किया समाधान व विधायक ने कहा- स्वच्छता पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जनता की सुविधा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम रविवार की सुबह सुभाष वार्ड, पुराना बाजार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों से लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक स्वयं मैदान में उतरे और नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया।

विधायक ने निरीक्षण के दौरान सड़क, नालियों और कचरा निस्तारण व्यवस्था की बारीकी से जांच की। दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से उनकी समस्याएँ पूछीं तथा सफाई व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को समझा। कई दुकानदारों ने कचरा उठाने में देरी, नाली जाम होने और दुर्गंध जैसी समस्याएँ बताईं, जिस पर विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाजार क्षेत्र में अव्यवस्था या स्वच्छता में लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता की सुविधा और स्वच्छ वातावरण विधायक की शीर्ष प्राथमिकता है और नगर में स्वच्छता व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने विधायक की इस तत्परता और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि उनके दौरे से व्यवस्था में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। विधायक ने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का त्वरित और स्थायी समाधान किया जाएगा और शहर को स्वच्छ, सुंदर तथा सुव्यवस्थित बनाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बेकाबू वाहन की चपेट में नाबालिग की मौत

कांकेर। कोड़ेकुर्से थानांतर्गत भूरके पुलिया के पास विगत दिनों कराकी निवासी 17 वर्षीय आशीष कुमार शोरी पिता श्यामसिंह शोरी द्वारा अपने मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 4727 में कराकी से कोड़ेकुर्से की ओर अकेले मोटर सायकल को चलाते जा रहा था। भूरके पुलिया के पास पक्की सड़क ग्राम कोड़ेकुर्से के पास पहुंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 07 डीए 2667 के चालक कोण्डरूज निवासी 35 वर्षीय कंवल जैन पिता धिरयार जैन अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर आशीष कुमार शोरी के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर देने से आशीष कुमार शोरी को चोट पहुंचाने से आई चोट के कारण आशीष कुमार शोरी का मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी कंवल जैन पिता धिरयार के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।




हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


**उत्कृष्ट शिक्षा-सुविधाओं के लाभ से युवाओं की प्रतिभा निखरेगी**

# अंतागढ़ का मावा मोदोल 15 दिनों में प्रारंभ करने की हिदायत, सीईओ ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

कांकेर जिले के अंतागढ़ विकासखंड के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धी

- प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए युवाओं को मिलेगा प्रोत्साहन और अवसर

परीक्षाओं की तैयारी के लिए अवसर प्रदान करने जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई अभिनव पहल मावा मोदोल को तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने अंतागढ़ स्थित तैयार किए जा रहे मावा मोदोल अध्ययन केंद्र का गहन निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने



केंद्र में उपलब्ध संसाधनों, सुविधाओं और चल रहे कार्यों का मूल्यांकन करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 दिसंबर तक केंद्र पूर्ण रूप से संचालित होने की स्थिति में तैयार होना चाहिए।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि मावा मोदोल योजना का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग, पुस्तकें, डिजिटल संसाधन एवं प्रतिस्पर्धी माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी बिना किसी आर्थिक बाधा के कर सकें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि यह पहल अंतागढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के शैक्षिक विकास में नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने इस केंद्र को युवाओं के लिए सशक्त भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से अनेक युवाओं के सपनों को नई उड़ान मिलेगी। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने बैठने की व्यवस्था, पुस्तक उपलब्धता, डिजिटल उपकरणों की कार्यशीलता, परिसर की स्वच्छता और भवन की संरचनात्मक स्थिति की विस्तार से जांच की। उन्होंने अपूर्ण टाइल्स कार्य को जल्द पूरा करने, परिसर में स्थापित अनावश्यक खंभे को हटाने तथा सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। साथ ही सीएसईबी के जेई को बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर डिजिटल कक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### अन्नपूर्णा मुहिम में विधवा परिवार को दी जीवन संरक्षण सहायता

**कोण्डागांव।** संत रामपाल के शिष्यों द्वारा मानवता की सेवा को समर्पित अन्नपूर्णा मुहिम के तहत ब्लॉक अंतर्गत आमागांव तोतर ग्राम पंचायत में तीसरी बार जीवन संरक्षण सहायता प्रदान की गई। इस बार मदद विधवा नीलबत्ती मानिकपुरी को दी गई, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद जगी है। मुनेंद्र धर्मन ट्रस्ट के जिला संयोजक ने बताया कि अन्नपूर्णा मुहिम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक भोजन, स्वास्थ्य–संबंधित सामग्री और आवश्यक वस्तुएं पहुँचाना है, ताकि कठिन परिस्थिति में भी उन्हें सहारा मिल सके। अन्नपूर्णा मुहिम की ओर से प्रदान की गई सहायता सामग्री 25 किलो चावल, 4 किलो चीनी, 5 किलो आलू, 5 किलो प्याज, 5 किलो आटा, 2 लीटर सरसों का तेल, दूध पाउडर, मसाले, नमक, चाय, अचार, हल्दी, मिर्ची, दलिया, बेसन, कपड़े धोने का साबुन, नहाने का साबुन, यह सभी सामग्री परिवार की आवश्यकता और स्थिति के आधार पर उपलब्ध कराई गई।

### चिंगनार में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का समापन



**फरसगांव।** ब्लाक के ग्राम चिंगनार में आयोजित तीन दिवसीय जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन शनिवार को बड़े धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग शामिल हुए। जोन स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता मे जोन कोनगुड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो खो, दौड़ , वॉलीबॉल, ऊँची कूद, लम्बी कूद , रिले रेस, आलू दौड़, गोला फेंक , रंगोली, चित्र कला, प्रश्न मंच सहित कई खेलों का आयोजन किया गया। साथ ही साँस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और हारने वाले खिलाड़ियों को और मेहनत करने कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता हासिल करने से शारीरिक क्षमता में वृद्धि होती है।

### नेशनल हाईवे में दुर्घटना बाइक सवार युवक घायल

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत के नेशनल हाईवे 30 मस्सूकोकोडा में शनिवार की रात 7:30 बजे बाइक सवार ग्राम अमोड़ा निवासी युवक छबीलाल नेताम पिता कवल राम उम्र 25 वर्ष अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। दुर्घटना में युवक का एक पैर टूट गया है। जिसे उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। जिसका प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल युवक फरसगांव से अपने घर जा रहा था, तभी हादसा हुआ।

## निधन

### नवलदाई मरकाम

**फरसगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवानिवृत्त



सुपरवाइजर नवलदाई मरकाम उम्र 62 वर्षीय का शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि निधन हो गया। जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व उनकी बेटी का विवाह बड़े धूमधाम के साथ हुआ। शनिवार को दूल्हे पक्ष की ओर जगदलपुर में आशीर्वाद समारोह आयोजित था। नवलदाई परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। जगदलपुर से वापसी के दौरान उनकी तबीयत अच्छा बिगड़ गई। उन्हें तत्काल महारानी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित किया। उनका रविवार को गृह ग्राम फरसगांव नवीन कॉलोनी में अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा छोड़ गई हैं।

# मयूर डोंगर संकुल केंद्र में साक्षरता महापरीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

संकुल केंद्र मयूर डोंगर में आज आयोजित साक्षरता महापरीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान शिक्षार्थियों में उत्साह और जागरुकता देखने को मिली। आयोजन का उद्देश्य समाज के उन सभी लोगों को औपचारिक शिक्षा से जोड़ना है, जो किसी कारणवश पढ़–लिख नहीं पाए थे।

महापरीक्षा में विभिन्न गांवों से आए महिला–पुरुष शिक्षार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दी। शिक्षकों व संकुल प्रभारियों की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से आयोजित की गई। सभी केंद्रों पर व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार की गई। साक्षरता अभियान के अंतर्गत इस परीक्षा को शिक्षा विभाग ने संकुल केंद्र के समन्वय से आयोजित किया गया। स्थानीय शिक्षकों, प्रभारियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर परीक्षा संचालन में सहयोग दिया। अभियान का उद्देश्य है हर हाथ में कलम—हर घर में शिक्षा। व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए लाभकारी पढ़ने–लिखने की क्षमता में वृद्धि साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण करने से व्यक्ति मूलभूत पढ़ने, लिखने और गणना करने में सक्षम होता है। इससे दैनिक जीवन की समस्याएं कम होती हैं फॉर्म भरना, बैंकिंग कार्य, दस्तावेज पढ़ना आदि आसान बनता है।

**ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा जागरुकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

**सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा**

साक्षर व्यक्ति सही जानकारी पढ़कर सरकारी योजनाओं, पेंशन, राशन कार्ड, बैंक योजनाओं आदि का लाभ आसानी से ले सकता है। इससे उसका सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण बढ़ता है। साक्षरता के बाद व्यक्ति, छोटे रोजगार, स्वरोजगार, कौशल विकास प्रशिक्षण और बैंक लोन प्रक्रिया को बेहतर समझ सकता है। इससे आजीविका के अवसर बढ़ते हैं। महिला शिक्षार्थियों के लिए यह परीक्षा विशेष रूप से लाभकारी है। पढ़ने–लिखने से उनमें आत्मनिर्भरता आती है, घरेलू निर्णयों में भागीदारी बढ़ती है और बच्चों की शिक्षा में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



**साक्षरता अभियान चलाने का लिया संकल्प**

संकुल केंद्र मयूर डोंगर के प्राचार्य जमील अहमद खान, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, तुलेश्वर नाग, चंद्र रेखा ध्रुव आदि प्रभारियों ने सभी शिक्षार्थियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही आगामी महीनों में साक्षरता अभियान को और व्यापक स्तर पर चलाने का संकल्प लिया गया।

## सौगात: पांच करोड़ की लागत से बनाई जाएगी महाविद्यालय की बिल्डिंग

# नवीन शासकीय कालेज भवन निर्माण का विधायक टेकाम ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव/विश्रामपुरी

कई वर्षो से कालेज खोलने की मांग चल थी जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री डा.रमनसिंह ने अपने अंतिम कार्यकाल के समय घोषणा की थी। जिसे पिछले 4 वर्ष पहले अमल में लाया गया और कालेज प्रारम्भ किया गया। कालेज अभी वर्तमान में आईटीआई भवन में संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में विधायक नीलकंठ टेकाम के सक्रियता के चलते जमीन आवंटन किया गया। जिसके तहत तत्परता दिखाते हुए इस कालेज भवन बनाने के लिए लगभग 5 करोड़ का बजट मिल। जिसका कार्य प्रारम्भ करने के लिए मुख्य अतिथि बतौर विधायक नीलकंठ टेकाम पहुंचे थे। साथ में विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सेवक राम नेताम , श्रीमति सुशीला नेताम सरपंच विश्रामपुरी (अ), किशन पाण्डे पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्रीमति पुष्पा चांदेकर सरपंच विश्रामपुरी (ब),सुश्री अनिता नेताम भाजपा जिला उपाध्यक्ष, अंजोरी नेताम भाजपा जिला मंत्री, मनाराम मरकाम भाजपा मंडल अध्यक्ष, धनीराम मरकाम ग्राम पटेल, धनराज मरकाम गायता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दुखाराम मरकाम ने किया।

■ विद्यार्थियों को पढ़ाई के नहीं जाना पड़ेगा दूर, धन–समय की होगी बचत

सर्वप्रथम सभी अतिथियों का कालेज के छात्र-छात्राओं ने मांदरी नृत्य की थाप एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए विधायक नीलकंठ टेकाम के साथ पटेल, गायता, पुजारी एवं जनप्रतिनिधि, कालेज के प्राचार्य एवं व्याख्याता शिक्षक तथा सम्बंधित ठेकेदार के मौजूदगी में कार्य प्रारम्भ करने लिए के भूमिपूजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे दुखाराम मरकाम ने अपने उद्बोधन में सर्वप्रथम क्षेत्र के विधायक नीलकंठ टेकाम का कम समय में भवन की राशि स्वीकृत कराने के लिए धन्यवाद किया। इसी तारतम्य में मंडल अध्यक्ष मनाराम मरकाम ने कहा कि वे कहते नहीं, करते है। हमने बनाया, हम ही संवारेंगे का नारा बुलंद किया। उसके उपरांत जिला अध्यक्ष सेवकराम नेताम ने अपने उद्बोधन में कहाँ की अब हमें दूरदराज कालेज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब समय की बचत के साथ घर का भी काम किया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन सबका आभार व्यक्त करते हुए प्राचार्य मार्गया ने किया।



**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस दौरान रविन्द्र पाण्डे, जीवनदास मानिकपुरी, सुकदास मरकाम,शम्भुनाथ चान्देकर, लखन नेताम, रमेश प्रधान, चिंता पटेल, शंकर मरकम, विवेक चांदेकर,बीरेंद्र बघेल, रोशन सिन्हा, गौरव शार्दुल, रामुराम मरकम, अर्जुन मरकाम, प्रभु नेताम,लवेश सिन्हा, देवीलाल कोर्राम, रमेश नेताम,नेमी पाण्डे,शांति मरकाम,चंद्रकला सोनी, पुष्पा सोनी, प्रमिला जैन,अनुराधा बैध,शिवलाल मरकाम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं आश्रम एवं कालेज के छात्राए, अधिक्षिका, व्याख्याता तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**यह हमारे लिए गौरव का क्षण- विधायक**

नवीन शासकीय महाविद्यायल के कार्य प्रारंभ भूमिपूजन के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक टेकाम ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है जिसके हम आज सभी साक्षी बन रहे है। यह जनता की बहुप्रतिक्षित मांग थी, जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शीघ्रता दिखाते हुए भवन के लिए राशि स्वीकृत की। आज से ही कार्य की शुरुवात हो रही है जो की अगले कुछ महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। आज हम रजत जयंती के स्वर्णिम पल,सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वी जयंती, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शताब्दी एवं गौरव दिवस के समय में इस कार्य की नींव रखी है।

# लंबित मामलों के त्वरित निपटारे ट्रैफिक प्रबंधन और साइबर जागरुकता पर करें कार्य : एसपी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में कानून–व्यवस्था को और मजबूत करने तथा बढ़ते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने की। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल, सभी राजपत्रित अधिकारी तथा थाना–चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

■ जिले में कानून–व्यवस्था सुदृढ़ करने पुलिस अधीक्षक ने ली क्राइम मीटिंग

एसपी पंकज चन्द्रा ने निर्देश दिया कि वर्ष के अंतिम माह में सभी लंबित अपराधों पर विशेष ध्यान देते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए। विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध, गुमशुदगी के मामले, मर्ग प्रकरण का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

अन्य राज्यों में फरार आरोपियों की खोजबीन तेज करने निर्देश देते हुए एसपी ने विशेष टीमों के गठन के आदेश दिए। साथ ही शिकायत प्रक्रिया को और सरल बनाने तथा फरयादियों से संवेदनशील व्यवहार करने की हिदायत दी। असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने के लिए विजिबल पुलिसिंग, संध्या एवं रात्रि गश्त, नशे के अवैध कारोबार पर छापेमारी, सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। थानों में गुंडा–बदमाश सूची को अद्यतन करने पर भी जोर दिया गया।

**ब्लैक स्पॉट करें चिन्हित**

यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए एसपी ने दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। वहां संकेतक लगाने भी निर्देशित किया।

# अनाथ बच्चियों संग मनाया गया सादगीभरा जन्मदिन



**कोण्डागांव।** कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता डॉ. शिल्पा देवांगन ने इस बार अपना जन्मदिन बेहद सादगी और भावनाओं से भरे माहौल में मनाया। दिखावे से दूर, वे बालिका अनाथ गृह पहुंचीं और बच्चियों के साथ अपना विशेष दिन साझा किया।

डॉ. देवांगन अपने कार्यकर्ताओं संग अनाथालय पहुंचीं, जहां उन्होंने ठंड को देखते हुए बच्चियों को स्वेटर और शॉल वितरित किए। बच्चियों ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिवादन किया, जिससे पूरा वातावरण भावुक हो उठा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बच्चियों ने केक काटा और मिठाई व चॉकलेट वितरित कर जन्मदिन के पलों को और भी खास बना दिया। डॉ. देवांगन ने बच्चियों से पढ़ाई, सपनों की और उनकी जरूरतों के बारे में आत्मीय संवाद किया। उन्होंने कहा सिर्फ सामाजिक कार्यकर्ता नहीं, एक मां भी हूं। इन बच्चियों के बीच आकर वही स्नेह अनुभव करती हूं। अपने जन्मदिन पर इनके साथ समय बिताकर स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूं।

**समाजसेवा के प्रति दिया आश्वासन –** इस अवसर पर प्रवीण मिश्रा, सर्वेश सेठिया, रंजीता अग्रवाल, रितेश कोर्राम, गीता मेश्राम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने बच्चियों के साथ समय बिताया और उनकी शिक्षा व विकास के प्रति रुचि दिखाई। डॉ. देवांगन ने भरोसा दिलाया कि वे आगे भी बच्चियों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। उनका यह कदम समाज में संवेदना, करुणा और मानवता का संदेश देता है खुशियां बांटने से ही बढ़ती हैं।

### आगामी वर्ष से संकुल खेल प्रतियोगिता के लिए आर्थिक सहयोग देंगे : नीलकंठ

**केसकाल।** केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने केंद्र स्तरीय खेल प्रतियोगिता नयापारा पिपरा के समापन अवसर पर कहा कि आगामी वर्ष से 110 संकुलों को आर्थिक सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों से सीधे बातचीत कर उनका हाल जाना।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ज़ब आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तब इस बस्तर का कोई बच्चा विधायक, कोई कलेक्टर, कोई अधिकारी तो कोई बड़ा किसान बनेगा, क्योंकि प्रदेश की खुशहाली का जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने तो देश की कमान प्रधानमंत्री ने संभाल रखी है।

### ग्रापं रामपुर में सरपंच ने पीएमआवासों का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत रामपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति का निरीक्षण 5 दिसंबर को सरपंच द्वारा किया गया। समीक्षा में निर्माण कार्यों की दशा एवं गुणवत्ता का परीक्षण किया।

निरीक्षण के समय सरपंच तनेशवर नेताम, उपसरपंच गुलेश्वरी नेताम, पंचायत सचिव श्रीमती निकिता मानिकपुरी, रोजगार सहायक सचिव धनेश्वरी ध्रुव, सभी वार्ड पंच मौजूद रहे। 27 आवासों की जांच में13 आवास पूर्ण, 11 आवास अपूर्ण, 3 आवास प्रारंभ नहीं किया गया था। निरीक्षण टीम ने लाभार्थियों को आवास निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। टीम ने स्पष्ट किया कि सभी आवास निर्धारित मानकों व गुणवत्ता के अनुरूप समय पर पूर्ण किए जाएं। समीक्षा दल ने अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों के कार्यों पर सतत निगरानी रखने और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं।



### नशामुक्ति संकल्प के साथ सुआ डोंगरी में एनएसएस शिविर शुरू

**कोण्डागांव।** ग्राम सुआडोंगरी में 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। समारोह का ध्वजारोहण सरपंच सुन्हेरनेताम ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजेश पांडे ने की। शिविर के उद्घाटन अवसर पर नशामुक्ति पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश तिवारी के निर्देशन में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नलकूपों एवं आसपास के गड्ढों की सफाई व सोखता गड्ढे बनाने का कार्य चल रहा है। इससे गांव की स्वच्छता व जलनिकासी व्यवस्था बेहतर होगी। दूसरे दिन शिविर में विशेष आगमन हुआ। डॉ संजीवन कुमार शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय आए। उन्होंने शिविरार्थियों को प्रेरक मार्गदर्शन व आशीर्वाद प्रदान किया। जिससे छात्र- छात्राओं का उत्साह बढ़ा।

स्थानीय नागरिकों और स्टाफ का भी रहा योगदान शिविर को सफल बनाने में संस्था के प्रवेश साहू, सय्यद तौसीफ आलम, उमाशंकर साहू सहित ग्राम सुआडोंगरी के वरिष्ठ नागरिक कम्पत पांडे, धन सिंह यादव, महादेव शार्दूल, ज्ञानप्रकाश नेताम, अनत राम गायता पूजारी, मालती शार्दूल, भावना ठाकुर, पूनम नाग, देवेश साहू, हेमंत आदि एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## व्याख्याता पदोन्नति पर ग्रामवासियों और विद्यार्थियों ने किया सम्मान

# डिहीपारा स्कूल में शिक्षक गौर को भावपूर्ण विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

विकासखंड बड़ेराजपुर के संकुल केंद्र हरवेल स्थित शासकीय उच्च प्राथमिक शाला डिहीपारा के शिक्षक झगेश्वर गौर को संस्कृत विषय के व्याख्याता पद पर पदोन्नति मिलने पर 5 दिसंबर को विद्यालय परिवार, ग्रामवासियों और विद्यार्थियों द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई।

श्री गौर ने जुलाई 2008 से सितंबर 2025 तक लगभग 17 वर्षों तक इस संस्था में सेवाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय व ग्राम समुदाय ने उनके उल्लेखनीय कार्यों एवं छात्र–हित में किए गए प्रयासों को स्मरण किया। उनके आत्मीय व्यवहार से जुड़े ग्रामीणजन और छात्र–छात्राएं विदाई के समय भावुक हो उठे। विदाई समारोह में शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, ग्रामीणजन, महिला स्वयं सहायता समूह, शिक्षक, वर्तमान एवं पूर्व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



**विदाई अवसर पर कराया न्यौता भोजन –**

विदाई के अवसर पर व्याख्याता झगेश्वर गौर द्वारा सभी उपस्थित ग्रामीणों, शाला प्रबंधन समिति सदस्यों, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को न्यौता भोजन कराया गया। खीर–पूरी, छोले–पनीर सहित स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी झलक पड़ी।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक अर्जुन सिंह नाग प्रधानाध्यापक प्राशा सुरेश कुमार मरकाम, शिक्षक संजय मांडवी, राम प्रसाद नेताम, सियाराम नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष शिवलाल नेताम, वरिष्ठ नागरिक सुखराम मरकाम, चौतूराम मंडावी, मालसाय मरकाम, जयलूराम मरकाम, नरसिंग वटी, गर्जन सिंह मंडावी, अमृत मंडावी, सोहनलाल मांडवी, जय सिंह नेताम, विपिन नेताम, मोलीराम मरकाम महिला सदस्य एवं ग्रामीणजनरू जोगड़ी बाई मांडवी, चमड़े भाई मरकाम, इतवारी वटी, भुवनेश्वरी मरकाम, दुवारी मरकाम आदि उपस्थित रहे।

पेज 09 के शेष...

### जंगलवार कॉलेज को...

है, यह मिट्टी की उर्वरता को खत्म करता है, जल स्रोतों को प्रदूषित करता है और वन्यजीवों के लिए भी घातक साबित होता है। ऐसे में जंगलवार कॉलेज जैसे जंगलों से घिरे क्षेत्र में स्थित संस्थान द्वारा प्लास्टिक उन्मूलन की दिशा में नियमित कदम उठाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है।

### मोहपुर में सर्वाजनिक...

सरपंच संदीप मंडावी, उपसरपंच कृष्णा नेताम, शीतल ध्रुव, नारद मंडावी, ईश्वर वट्टी, बजनाथ वट्टी, भागवत वट्टी, आकाश मंडावी, योगेश पोटाई, वेदप्रकाश सलाम, शिवा मंडावी, आशीष पोटाई, प्रकाश मंडावी, सुरेंद्र भास्कर, बिन्देश भास्कर, ऐतन वट्टी, अविनाश भास्कर, दुर्गेश भास्कर, वर्षेश नेताम सहित अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।

### कड़ी सुरक्षा में...

युवाओं में इस परीक्षा को लेकर विशेष उत्साह देखा गया, क्योंकि यह भर्ती उनके लिए रोजगार का महत्वपूर्ण अवसर है। परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी और विवाद के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर अभ्यर्थियों और प्रशासन दोनों ने संतोष व्यक्त किया है। अब सभी की निगाहें व्यापम की ओर टिकी हुई हैं, जहाँ परिणाम जारी होने का इंतजार शुरू हो गया है। परीक्षा की सफल और निष्पक्ष सम्पन्नता ने अभ्यर्थियों के मन में उम्मीदें और भी मजबूत कर दी हैं।

### समस्याओं का किया...

अरुण कौशिक, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, भाजपा के नेता नीलू तिवारी, भारतीय पार्टी के पदाधिकारीगण, नगर पालिका के सीएमओ पवन मेरिया एवं नगर पालिका के कर्मचारी एवं मुहल्लेवासी व मटन मार्केट के दुकानदार उपस्थित रहे। सभी को विधायक ने स्वच्छता के प्रति संवेदनशील रहने और नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिए।

### अंतागढ़ का मावा...

कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मावा मोदोल केवल एक अध्ययन केंद्र नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए अवसरों का नया द्वार है, इसलिए इसकी सभी तैयारियां गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से होनी चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य है कि केंद्र के आरंभ होते ही यहां आने वाले युवा उत्कृष्ट शिक्षा-सुविधाओं का लाभ उठाते हुए सफलता की ओर कदम बढ़ा सकें। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ अंतागढ़, खंड शिक्षा अधिकारी, सेजेस प्रिंसिपल, उप अभियंता आरईएस सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। सभी विभागों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण कर केंद्र को मॉडल अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश, फेडरेशन ने 28 को प्रदर्शन का किया ऐलान

**रायपुर।** प्रदेशभर के अनियमित कर्मचारियों ने नियमितीकरण, स्थायीकरण, मानदेय में वृद्धि और निकाले गए कर्मचारियों की बहाली करने सहित अन्य मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन ने 28 दिसंबर को राजधानी रायपुर में विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। इसमें प्रदेशभर के 32 संगठनों के हजारों अनियमित कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ के शासकीय कार्यालयों में सालों से कार्यरत अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, स्थायीकरण अंशकालीन कर्मचारियों को पूर्णकालिक करने, आउट सोर्सिंग, ठेका, सेवा प्रदाता, समूह समिति के माध्यम से नियोजन सिस्टम को बंद करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर फेडरेशन ने 28 दिसंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन की घोषणा की है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने कहा है कि अनियमित कर्मचारी 25 से 30 साल से किसी न किसी प्रकार से शासन की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# लक्ष्मी जगार उत्सव में खेल और संस्कृति का संगम, विधायक पहुंचे बालेंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालेंगा में आयोजित लक्ष्मी जगार उत्सव के तहत आयोजित कबड्डी फाइनल मैच समापन समारोह में आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

बालेंगा आगमन के उपरांत बघेल सबसे पहले ग्राम के माता मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की इसके बाद वे नौ दिनों से चल रहे पारंपरिक लक्ष्मी जगार उत्सव के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कबड्डी फाइनल मैच में बालेंगा और करन्दौला के मध्य कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली हाफ टाइम तक मैच बेहद रोमांचक रहा और स्कोर बराबरी पर था। लेकिन दूसरे हाफ में बालेंगा टीम की उत्कृष्ट रणनीति और दमदार प्रदर्शन ने मैच का रुख बदल दिया, जिसके चलते बालेंगा ने 40–18 के प्रभावशाली अंतर से जीत दर्ज की।

इसी प्रकार तृतीय एवं चतुर्थ स्थान के लिए हुए मुकाबले में तुंगापाल और संवरापाल आमने-सामने थे, जिसमें तुंगापाल ने एकतरफा जीत हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया खिलाड़ियों के उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना से पूरा मैदान तालियों से गूंज उठा। इसके पश्चात संध्या समय में बघेल जगदलपुर स्थित लागु वाटिका में दुबे परिवार के विवाह समारोह में सम्मिलित हुए तथा नवविवाहित दंपति को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

**कबड्डी फाइनल मैच में खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत**



**खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह**

कार्यक्रम में उपस्थित होकर विधायक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजन युवाओं को प्रोत्साहित करते हैं तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाते हैं।

## 876.90 लाख की लागत से मिलेगी सड़कें, नालियां और मूलभूत सुविधाएं

# यह निर्माण नहीं, नागरिकों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने का संकल्प है : पाण्डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के सभी 48 वार्डों में 876.90 लाख रुपये की लागत से कुल 112 विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। जिसमें सीसी सड़क निर्माण, डामरीकरण, आरसीसी नाली, पुलिया, सामुदायिक भवन, शेड, सोल्डर आदि शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से शहरवासियों को प्रत्यक्ष लाभ तो मिलेगा ही साथ ही शहर का आधारभूत ढांचा और अधिक मजबूत होगा।

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि यह योजनाएं शहर के सर्वांगीण विकास और प्रत्येक वार्ड में सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम हैं। हमारा उद्देश्य है कि किसी भी गली, मोहल्ले और वार्ड को विकास से वंचित न रहने दिया जाए। नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम सड़कें मिले। महापौर ने कहा कि इन 112 कार्यों से शहर में अनेक प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ होंगे।

सीसी रोड और डामरीकरण कार्यों से खराब सड़कों की समस्या दूर होगी। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षित एवं सहज पहुंच मार्ग मिलेगा। अधिकांश वार्डों में आरसीसी नाली और पुलिया निर्माण से बरसात में होने वाला जलभराव कम होगा। इससे बीमारी, मच्छरजनित संक्रमण और सड़कों की क्षति भी घटेगी। नालियों के निर्माण से सीवरेज सिस्टम व्यवस्थित होगा। गंदगी और दुर्गंध की समस्या कम होगी। कई वार्डों में सामुदायिक भवन, मंदिर परिसर, शेड निर्माण जैसे कार्यों से स्थानीय सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। बाजार, दुकानों और व्यावसायिक मार्गों पर सड़क और नाली निर्माण से व्यापारियों एवं ग्राहकों दोनों को सुविधा मिलेगी।ईडब्ल्यूएस कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और आंतरिक गलियों में होने वाले विकास से आमजन के जीवनस्तर में सुधार होगा।



■ शहर में 112 विकास कार्यों की सौगात

### सहयोग के लिए माना आभार

महापौर ने उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव, सांसद महेश कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव को धन्यवाद देते आभार माना है। वहीं पार्षदगण, अधिकारियों व नगरवासियों के सहयोग के लिए उनको भी धन्यवाद देते हुए कहा यह सब नगर निगम परिषद, पार्षदों, अधिकारियों और नागरिकों के सहयोग से संभव हुआ है। हम मिलकर शहर को आधुनिक, सुरक्षित और सुविधायुक्त बनायेंगे।

## भाजपा बस्तर जिला कार्यकारिणी घोषित जिला अध्यक्ष ने सदस्यों की जारी की सूची

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी ने बस्तर जिले के जिला कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की अनुमति से जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने रविवार को जिला कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की।

घोषित सूची में सामाजिक संतुलन का ध्यान रखा गया है। जिला कार्यकारिणी सदस्यों में शरद अवस्थी, श्रीनिवास राव मद्दी, विद्याशरण तिवारी, बैदुराम कश्यप, आंनद मोहन मिश्रा, शेषनारायण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डे, सुधीर पाण्डे, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह, रामानंद मिश्रा, अजय सिंह, योगेन्द्र कौशिक, उत्तम लाल वर्मा, राजेन्द्र बाजपेयी, सुरेश गुप्ता, अरूण परिहार, सतीश सेठिया, अनिल शर्मा, विजय पाण्डे, तरूण चोपड़ा, उमाकांत सिंह, बृजेश भदौरिया, अश्वनी कुमार सरडे, महेन्द्र सेठिया, स्नेहलता बैस, फिरोज बस्तरिया, बृजबिहारी झा, मनोरंजन राय, सुरेन्द्र सिंह गिल, हाफिज भाई, दिनेश पानीग्राही, चन्द्रशेखर जोशी, छबिलेश्वर जोशी, अरूण त्रिपाठी, दीपक त्रिवेदी, एल.ईश्वर राव, आशुतोष पाण्डे, जबीता मण्डावी, रंजीता जोशी, श्रीमती रमन्ना सोनी, प्रमीला कपूर, दयावती देवांगन, मोहन सिंह, गोदावरी साहू, चम्पा नाग, वेदांत दीक्षित, चमेली यादव, संतोष त्रिपाठी, नारायण बिसाई, मोहन जोशी, दंतेश्वर राव, धरमपाल महावर, धरम दास, देवशंकर पण्डा, सुदर्शन पानीग्राही, राधे श्याम सेठिया, मनीषा तिवारी, लक्ष्मी कश्यप, रोशन सिसोदिया, दिलीप कुशवाहा, राममूर्ति पाण्डेय, राजेश श्रीवास्तव, शरबजीत सिंह सूरी, शीलचंद जैन, नरेन्द्र जैन, अतुल कौशल, मनोहरदत्त तिवारी, देवीचंद संचेती, बोन्जाराम, लच्छिन यादव, संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, श्रीपाल जैन, जयंत जोशी, बटोही झा, यशवर्धन राव, अनुप जैन, शशिभूषण रथ, अनिल लुकड़, प्रकाश दुग्गड़ शामिल हैं।

वहीं स्थायी आमंत्रित सदस्य में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, दिनेश कश्यप, महेश कश्यप, विनायक गोयल, सुभाऊ कश्यप, संतोष बाफना, शिवनारायण पाण्डे, लच्छूराम कश्यप, कमलचंद्र भंजदेव, वेदवती कश्यप, बलदेव मण्डावी, संजय पाण्डे, खेमसिंह देवांगन एवं विशेष आमंत्रित सदस्य में संतोष बघेल, सोनबारी भद्रे, रामबती भण्डारी पदमा कश्यप, महावती मण्डावी, मानकदई कश्यप पदलाम नाग के नाम शामिल हैं।

## बिहान ने बदली जिंदगी, बस्तर की राजकुमारी बनीं सफल पशुपालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के लैंड्रा गांव की राजकुमारी कश्यप कभी बेहद संकोची स्वभाव की थीं और घर से बाहर निकलने तक में संकोच महसूस करती थीं। आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। 2008 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने सूरजमुखी महिला स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में अद्भुत परिवर्तन आया। समूह ने न सिर्फ उनके भीतर आत्मविश्वास जगाया बल्कि उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने का मंच भी दिया। इसी आत्मबल के सहारे उन्होंने धीरे-धीरे आजीविका संबंधी गतिविधियों में कदम रखा। धान और सब्जी की खेती से शुरुआत करने वाली राजकुमारी ने आगे बढ़कर मुर्गी और बकरी पालन को अपनाया और एक छोटे लेकिन मजबूत पशुपालन व्यवसाय की नींव रखी। आज वह ब्रीडिंग सेट तैयार कर आसपास के विकासखंडों में चूजों की आपूर्ति कर रही हैं, जो उनकी उद्यमशीलता और मेहनत का प्रमाण है। परिवार का सहयोग भी उनकी सफलता में एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा। जहां उनके पति गणेश कश्यप राजमिस्त्री के रूप में काम करते हैं। वहीं उनके पुत्र एक सोसायटी का सफल संचालन कर रहे हैं। पिछले दो वर्षों में उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे प्रेरित होकर उन्होंने अपने बच्चों को खेती-किसानी में सहायता देने के लिए ट्रैक्टर तक खरीद लिया है। राजकुमारी कश्यप इस सफलता का पूरा श्रेय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान कार्यक्रम को देती हैं। उनके अनुसार यह मिशन ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने का वास्तविक साधन है जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी।



# उल्लास परीक्षा में उमड़ा उत्साह महिलाओं, परिवारों की बड़ी भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी ने बढ़ाया परीक्षार्थियों का मनोबल, गांव-गांव में साक्षरता का संदेश

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देश पर विकासखंड तोकापाल में उल्लास नव भारत साक्षरता महापरीक्षा अभियान के तहत 72 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में इस परीक्षा को लेकर उत्साह देखने लायक रहा। बड़ी संख्या में परीक्षार्थी सुबह से ही केंद्रों पर पहुंचकर राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आधारित परीक्षा में शामिल हुए।

दुगन पाल परीक्षा केंद्र में जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी पहुंचीं और परीक्षार्थियों से रूबरू हुईं। उन्होंने देवरानी, जेठानी एवं पति, पत्नी के रूप में साथ परीक्षा देने पहुंचे ग्रामीणों का बुके देकर स्वागत किया और शिक्षा के प्रति उनकी जागरूकता की सराहना की।

अरंडवाल केंद्र में विशेष दृश्य तब सामने आया जब महिलाएं अपने छह माह के शिशुओं के साथ परीक्षा देने पहुंचीं। जनपद अध्यक्ष ने सभी महिलाओं का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस परीक्षा की मॉनिटरिंग खंड शिक्षा अधिकारी पूनम सलाम, खंड स्त्रोत समन्वयक अजय शर्मा, विकासखंड नोडल कालीन ठाकुर तथा संकुल समन्वयकों द्वारा की गई।

# सांसद कार्यालय आबंटन होने पर भाजपाइयों और बीकेएमएस ने की आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

भारतीय मजदूर संघ संबद्ध खदान मजदूर संघ बचेली सहित नगर के श्रमिकों सहित भाजपाईयों द्वारा जमकर जश्न मनाया गया।

जिला सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा विश्वकर्मा के द्वारा कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर भाजपा से सम्बंधित श्रमिक संगठन द्वारा गर्म जोशी से हर्ष उल्लास पूर्वक फूल माला एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। जमकर नारेबाजी, पटाखे, आतिशबाजी के पश्चात कार्यालय में दीप प्रज्वलन कर सभी को मिठाइयां एवं लड्डु बांटा गया। एनएमडीसी के अध्यक्ष सह प्रबंधक अमिताभ मुखर्जी द्वारा कार्यालय आबंटन करने पर खदान मजदूर संघ के श्रमिकों में हर्ष एवं उत्साह दिखा।

आर्थिक प्रकोष्ठ जिलासंयोजक हरीश शर्मा नें बताया की सांसद कार्यालय सह निवास मिलनें सें स्थानीय निवासियों को सांसद से मिलने में आसानी होगी। सांसद महेश कश्यप लोगो की समस्याओ के त्वरित निदान के लिए जाने जाते हैं। इसलिए स्थानीय निवासियों नें उत्साह व्यापत हैं जिसके फलस्वरूप बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर खुशियाँ प्रदर्शित कर रहे हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आमलेन्दू चक्रवर्ती विधायक प्रतिनिधि सुदीप्ता मंडल, निलेश पाटले , पार्षद हरीश शर्मा,धनसिंह नाग, मनोज सिंह,महिला मोर्चा अध्यक्ष झिलकी नाग , शिप्रा, अनुसूया भोपले, कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, मनोज सिंह सहित बीकेएमएस (खदान मजदूर संघ ) अध्यक्ष दीप शंकर देवांगन,सचिव सुरेश तामो,उपाध्यक्ष राजेश डहरिया, ऑफिस सचिव अमित मिश्रा,संगठन सचिव मुरलीधर रावटे, सहसचिव अमित देवांगन, कोषाध्यक्ष देवेश पांडे, त्रिपुरारी यादव सुभाष चंद्र बोस एवं मनि लाल देवांगन, लेबर सेल प्रमुख देव कुमार , भगत सोढ़ी , राजू कुंजाम , भारत दुर्गा , कमल ओयामी , वीरेंद्र कुमार , राहुल , हर बंधु , कमलेश, पुरणों, हुंगा उपस्थित रहे।



# संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की पहल धाकड़ समाज का अभिनव प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर धाकड़ क्षत्रीय राजपूत समाज द्वारा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने अभिनव सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के संरक्षक सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में संबंधों की दूरी बढ़ती जा रही है। ऐसे दौर में समाज द्वारा किया जा रहा यह आयोजन प्रशंसनीय है। जो लोगों को जोड़ने और रिश्तों में प्रगाढ़ता लाने का प्रयास है।

उन्होंने बस्तर के पुराने सभी समाजों से आग्रह किया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करें। जिससे सामाजिक ताना-बाना और मजबूत होगा तथा आपसी सद्भाव और सौहार्द बढ़ेगा। कार्यक्रम में विभिन्न समाज के सदस्यों ने अपने विचार साझा किए और गीत-संगीत के साथ सामूहिक भोज का आनंद लिया।

इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, श्रीनिवास मिश्रा, छवीलेश्वर जोशी, सिकंदर सिंह, विजित देव, योगेश ठाकुर, आर्यन सिंह आर्य, प्रदीप देवांगन, राजेश शर्मा, नरेन्द्र पाणिग्राही,शशी रथ, रणधीर सिंह, देवेंद्र राठौर, एमडी राठौर, योगेश शुक्ला,संतोष बाजपेई, विक्रम सिंह ठाकुर, मंजू ठाकुर, अरुण चौहान, किरण ठाकुर,केदार ठाकुर, रुद्र ठाकुर, कपील ठाकुर, योगेश मिश्रा, कृष्णा परमार, सावित्री परमार सहित बड़ी संख्या में समाजजन, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और मीडिया के लोग उपस्थित थे।

### बदलते हालात में एकजुटता जरूरी

उत्कल समाज के वरिष्ठ सदस्य श्रीनिवास मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि रियासत काल से बस्तर के विभिन्न समाजों को महत्व मिलता रहा है। पिछले 40 साल से सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव पुराने समाजों को आगे बढ़ाने और एकजुट करने में निरंतर प्रयास कर रहे है।

आज धाकड़ समाज का आयोजन भी उनके प्रेरणा से हो सका है। उनके अनुज किरण देव विधायक के रूप में समाजों के साथ साथ देवगुड़ी, मंदिरों, दशहरा, गोंचा, मड़ई के साथ बस्तर के सभी पारंपरिक पर्व उत्सव में न केवल योगदान दे रहे है बल्कि भव्य रूप देने हर स्तर पर सहयोग भी कर रहे है। इस तरह का मिलन कार्यक्रम लगातार होते रहना चाहिए।

### सामाजिक मेलजोल को नई दिशा

राजपूत समाज के इस सामूहिक कार्यक्रम ने सामाजिक मेलजोल को नई दिशा दी। सदस्यों ने विचार-विमर्श, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामूहिक मिलन के माध्यम से आपसी संबंधों को मजबूत किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यजनों ने सामाजिक समरसता के महत्व पर जोर देते हुए इसे निरंतर जारी रखने की आवश्यकता जताई।

**जनप्रतिनिधियों ने किया कन्या छात्रावास का निरीक्षण...**




**करपावण्ड।** कन्या छात्रावास करपावण्ड का जनप्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें बच्चों को खाने पीने, नहाने एवं ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्तुओं की जानकारी ली। छात्रावास में निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधि संतुष्ट दिखे। इस निरीक्षण में जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे, जिला पंचायत सदस्य ललीता कश्यप, सरपंच लखमु नेताम, जनपद सदस्य नवल भारती, ओमप्रकाश गुप्ता, गुड़ भद्रे उपस्थित थे।

## विद्युत कंपनी पत्रोपाधी अभियंता संघ का क्षेत्रीय चुनाव सम्पन्न



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के पत्रोपाधी अभियंता संघ का रविवार को क्षेत्रीय चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। चुनाव में जगदलपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर कोंडागांव ग्रामीण के कनिष्ठ अभियंता विजेंद्र कुमार शार्दूल तथा क्षेत्रीय सचिव पद पर फरसगांव वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार मरकाम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय अध्यक्ष श्रीकांत बड़गइया की गरिमामयी उपस्थिति एवं अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर केंद्रीय पदाधिकारी महेश्वर टंडन, अविनाश दुबे, पीएल माहेश्वरी, पी. शिवारे, राजेंद्र गिरी गोस्वामी, अनिल धनकर सहित क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी अरविंद खोबरागड़े, ललित सिंह टेकाम, एसआर भद्रे, गोपेश बांधे, नन्दलाल काशी एवं बड़ी संख्या में कनिष्ठ अभियंता शामिल रहे।

# मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन ने किया दिव्यांग कर्मियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल में अध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप और सचिव एके. सिंह के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन में दिव्यांग दिवस पर यूनियन सदन में एक गरिमामय, प्रेरणादायी और अत्यंत संवेदनशील कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग कर्मियों के अधिकारों, सम्मान, सुरक्षा और समान अवसरों को और सुदृढ़ करना तथा कार्यस्थल एवं समाज में सकारात्मक, सहयोगी और समावेशी वातावरण का निर्माण करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ आत्मीय जानो का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया गया और साथ में कलम भेंट किया गय।

यूनियन पदाधिकारियों ने दिव्यांग सहयोगियों की लगन, निष्ठा, कौशल और संगठन के प्रति उनके अमूल्य योगदान को उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान किया तथा सचिव ए.के. सिंह ने कहा कि हमारे दिव्यांग कर्मियों का जज़्बा, प्रतिबद्धता और मनोबल पूरे संगठन के लिए एक सशक्त प्रेरणा है। उनके निरंतर प्रयासों, साहस और कार्यकुशलता के सम्मान में सभी उपस्थित सदस्यों ने तालियां बजाकर उन्हें आदर और सम्मान देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं किए।

कार्यक्रम में यूनियन द्वारा दिव्यांग साथियों की कार्य–परिस्थितियों, दैनिक चुनौतियों और आवश्यक सुविधाओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। यूनियन ने घोषणा की कि कार्यस्थल पर सुगम पहुंच, उन्नत सुरक्षा उपकरण, आवश्यक सहायता साधन, विशेष मार्गदर्शन, तथा बेहतर कार्य–अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने हेतु कई नई पहलें तेजी से लागू की जाएंगी।

अध्यक्ष विनोद कश्यप ने कहा कि दिव्यांगता कोई सीमा नहीं, बल्कि अदम्य साहस, अनोखी क्षमता और संघर्षशीलता का जीवंत उदाहरण है। यूनियन ने सभी कर्मियों से संवेदनशीलता, सहयोग और समानता की भावना को आगे बढ़ाने की अपील भी की।

अंत में यूनियन ने यह आश्वासन दोहराया कि दिव्यांग साथियों के अधिकारों की रक्षा, उनके कल्याण, प्रोत्साहन और उत्थान से जुड़े सभी प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर यूनियन पदाधिकारी,सदस्यों ने अपने अपने ज्ञानमार्गी विचार भी सकारात्मक रूप से रखे। कार्यक्रम में यूनियन के पदाधिकारी, सदस्य के साथ साथ परियोजना में पदस्थ नये कर्मचारी साथी सदस्य, ठेका श्रमिक, गार्ड सदस्य, महिला सदस्य ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का संचालन यूनियन के कार्यालय सचिव रविश तिवारी और धन्यवाद उपाध्यक्ष जियाउल हसन ने किए ।

## खबर संक्षेप



### कुरना विद्यालय के बच्चों को कराया नेवता भोजन

**कांकेर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम कुरना में सामाजिक सहभागिता और सौहार्द्र का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। ग्राम के ओंकार साहू ने गृह प्रवेश समारोह के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुरना के बच्चों को स्नेहपूर्वक नेवता भोजन करवाकर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। इसी क्रम में भगवान दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर महानदी वाले बाबा द्वारा विद्यालय के बच्चों को फल वितरण किया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। दोनों ही कार्यक्रम सौहार्द्र, सेवा भाव और सामाजिक एकता के प्रतीक रहे, जिससे गाँव में सकारात्मक वातावरण तथा बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली।

### रासेयो से सेवा भाव की प्रेरणा मिलती है : सावित्री



**भानुप्रतापपुर।** शाउमावि भानबेड़ा द्वारा ग्राम भोड़िया में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सम्मिलित होकर शिविरार्थी बच्चों एवं ग्रामवासियों को संबोधित की। विधायक सावित्री ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में सेवा भाव को जागृत करता है। इस अवसर पर सरपंच मधु तेता, जनपद सुनाराम तेता अध्यक्ष, उपाध्यक्ष निर्मला, राजकुमार दर्रो, गणेश सोनी, ग्राम पटेल विजय दर्रो, सुन्दर कांगे, महेन्द्र सिन्हा, समरेश शोरी, जयराम तेता, बिरबल दर्रो, राजेन्द्र उइके, बृजलाल हिड़को, रैनूराम हिचामी, इन्द्रा दर्रो, मीना दर्रो, विमला गोटी, कृष्णा उसेण्डी, यामिनी भंडारी, सुखबती जैन, सुरेश सोनी, रविप्रकाश लोहसिंह, दुर्गेश देवांगन आदि उपस्थित रहे।

### डा.आंबेडकर का 70वां निर्वाण दिवस मनाया



**चारामा।** बौद्ध समाज चारामा द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 70 वां महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर भवन से बस स्टैंड स्थित अंबेडकर प्रतिमा तक निकाले गए कैंडल मार्च से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने जयभीम के नारों के साथ एकता का संदेश दिया। प्रतिमा स्थल पर उपस्थित सदस्यों ने माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर बाबा साहेब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सियासत : जिला कांग्रेस अध्यक्ष का नगर आगमन में किया गया भव्य स्वागत

# कांग्रेस को बूथ से जिला स्तर पर मजबूत कर नई ऊर्जा का करेंगे संचार : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ बाइक रैली निकल कर कांग्रेस भवन तक ले जाया गया

जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत रविवार 7 दिसंबर को बेहद गर्मजोशी और उत्साह के माहौल में किया गया। स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत जिले के प्रमुख स्थल ज्ञानी चौक से हुई, जहाँ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों की मौजूदगी से पूरा चौक उत्सव के रंग में रंग गया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बसंत यादव वरिष्ठ कांग्रेसी एआईसीसी के सचिव राजेश तिवारी के साथ खुली जीप में सवार थे। युवा कांग्रेस के द्वारा ज्ञानी चौक से स्वागत करके बाइक रैली निकल कर कांग्रेस भवन तक ले जाया गया। रास्ते में नए बस स्टैंड में कांकेर ग्रामीण व नरहरपुर ब्लॉक कांग्रेस के द्वारा स्वागत किया गया, वहीं पुराने बस स्टेंड में शहर कांग्रेस के द्वारा जितेंद्र कुमार सिंह ठाकुर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। किसान कांग्रेस के द्वारा कांग्रेस भवन में स्वागत किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा कार्यकर्ताओं ने रैली में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। रैली के राजीव भवन पहुंचने के बाद औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यहाँ जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं, ब्लॉक अध्यक्षों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित कई फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नवनियुक्त अध्यक्ष बसंत यादव ने शपथ ग्रहण की। शपथ समारोह का संचालन जिला संगठन प्रभारी द्वारा किया गया।

शपथ ग्रहण के बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बसंत यादव ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह दायित्व संगठन और कार्यकर्ताओं के विश्वास की बदौलत मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने आगे कहा कि जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा और आने वाले समय में कांग्रेस को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भी नवनियुक्त अध्यक्ष पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिला संगठन और अधिक सशक्त होगा।








### कार्यक्रम में यह रहें उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री गंगा पोटई, पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा, जनक नंदन कश्यप,नंदू राठी, हेमंत ध्रुव, विरेश ठाकुर, नरेंद्र यादव, सुनील पूरी गोस्वामी, विजय ठाकुर, नितिन पोटाई, मनोज जैन, यासीन कराणी, रमेश गौतम , विजय यादव, अजय सिंह रेणु , मतीन खान, इंद्रजीत बिस्वास, रूप सिंह पोटाई, सुपरकाश मलिक, युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजू दुबे, जिला महासचिव सुरेश नाग, गफ्फार मेमन, उदय बंटी शर्मा, खोमेंद्र उईके, चंद्रलोक सिंह ठाकुर, सुमित राय, चमन साहू, सोमेश सोनी, टूकेश्वर साहू, दीपक शोरी व कांकेर विधानसभा अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके, भानुप्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष आकाश यदु, पुरुषोत्तम पाटिल सहित समस्त जिला पदाधिकारी एवं तीनों विधानसभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कोसरिया महार समाज ने मनाया बाबा आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

तहसील सरोना अंतर्गत कोसरिया महार समाज क्षेत्र सरोना के समाजिक जनों ने भारत रत्न, संविधान निर्माता, परम पुज्य बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। 6 दिसंबर का दिन भारतीय इतिहास में अत्यंत भावुक क्षणों का प्रतीक रहा है, जब राष्ट्र ने एक महा मानव, सामाजिक न्याय और समानता के सिपाही बाबा साहब को खो दिया था। उनके योगदान और विचारों को स्मरण करते हुए समाज के लोगों ने नर्सरी पारा स्थित समाजिक भवन में स्थापित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर सुमन अर्पित कर नमन किया।

समाज के पदाधिकारियों ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व के प्रति सामूहिक श्रद्धांजलि देना समाज की एकता और जागरूकता का प्रतीक है। सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि बाबा साहब के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए हर वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर निर्धारित स्थान पर सामूहिक रूप से उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करें। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति संगठन, एकता और शिक्षा पर आधारित है, जिसे बाबा साहब ने अपने जीवनभर संघर्ष कर स्थापित किया। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कोसरिया महार समाज द्वारा सेवा कार्य भी किए गए।

समाज के प्रतिनिधि दल ने स्वास्थ्य केंद्र सरोना पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों को फल एवं मिठाई का वितरण किया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा साहब ने मानवता, करुणा और सेवा की जो सीख दी है, उसे आगे बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष समाज द्वारा इस तरह के सेवा कार्य किए जाते हैं। अंत में कार्यक्रम का समापन सामूहिक रूप से बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने और समाज में शिक्षा, समानता तथा भाईचारे को मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

कार्यक्रम में समाज के राजेश जामदार, रमेश नाग, नारद बघेल, रोहित कोमलवार, गैत राम रामटेके एवं उग्रसेन धामगे, पृथ्वी लाल रामटेके, राकेश कुमार, गोवर्धन रामटेके सहित सदस्य और नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया।

## शादी का सपना दिखाकर हवस का खेल कांकेर पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर में शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर दर्ज हुए गंभीर प्रकरण में पुलिस टीम ने कम समय में आरोपी को रायपुर के मुजगाहन क्षेत्र से पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।



मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता थाना कांकेर पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी कृष्ण कांत वघाड़े ने उसे20 सितंबर 2025 को कांकेर बुलाया था। मुलाकात के दौरान आरोपी ने पीड़िता को यह कहते हुए शादी का आश्वासन दिया कि वह उसे पसंद करता है। इसी विश्वास के आधार पर पीड़िता उसके साथ गई, लेकिन आरोपी ने उसके इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 407/2025 के तहत धारा 64, 115(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। मामला संज्ञान में आते ही थाना कांकेर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश प्रारंभ की। पता चला कि आरोपी रायपुर के मुजगाहन क्षेत्र में छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने रणनीति बनाकर वहां दबिश दी और आरोपी कृष्ण कांत वघाड़े को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय कांकेर में 07 दिसंबर 2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। कांकेर पुलिस ने कहा है कि ऐसे मामलों में पीड़ितों को बिना किसी भय के तुरंत रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए, ताकि आरोपी को कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाई जा सके।

इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि सोमेन्द्र सिंह, आरक्षक राकेश बघेल एवं आरक्षक रूद्र कुमार जुर्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता और तत्परता के चलते आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में लाया जा सका।

## युवाओं में खेल संस्कृति बढ़ाने के लिए सांसद खेल महोत्सव आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

■ ग्रामीण एवं शहरी युवाओं को मिलेगा मंच

फिट इंडिया मूवमेंट को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खेल संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन नरहरपुर के अन्मुक्त खेल मैदान में किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ प्रथम दिवस 8 दिसंबर 2025 को किया जाएगा, जिसमें 18 वर्ष से कम आयु तथा 18 से 40 वर्ष तक की महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, वहीं द्वितीय दिवस 9 दिसंबर 2025 को 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए सभी खेलों का आयोजन होगा। इस महोत्सव में प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा, जिसके माध्यम से क्षेत्र में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ नई प्रतिभाओं को आगे लाने की पहल की गई है। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, गिल्ली-डंडा, गेड़ी दौड़ सहित सामूहिक खेलों में कबड्डी, खो-खो,



वालीबाल एवं रस्साकशी का आयोजन किया जाएगा। सभी आयु वर्गों की महिला और पुरुष प्रतिभागियों के लिए निर्धारित इन खेलों में केवल उन्हीं खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा, जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है। प्रतिभागियों को प्रतियोगिता स्थल में प्रवेश के समय अपना पहचान पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति तथा बैंक पासबुक की कॉपी साथ लानी होगी। गेड़ी दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए यह अनिवार्य रहेगा कि वे अपनी स्वयं की गेड़ी साथ लेकर आएं। आयोजन संबंधी जानकारी देते हुए जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुखदेव ने बताया कि महोत्सव से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट मंच मिलेगा, जिस पर वे अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकेंगे, इसके साथ ही यह महोत्सव क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## बनसागर डे-नाइट कबड्डी में रोमांच बढ़ा, आज होगा फाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर

■ 35 टीमों की जबर्दस्त भिड़ंत, धमतरी–रायपुर–करब सहित कई टीमों ने दिखाई ताकत

शहीद वीर नारायण सिंह युवा कबड्डी समिति बनसागर द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता रोमांच और ऊर्जा के नए आयाम गढ़ रही है। 6 और 7 दिसंबर को हुए मुकाबलों में दर्शकों का उत्साह देखने लायक रहा। रात देर तक सैकड़ो की तादाद में मौजूद दर्शकों ने खिलाड़ियों के हर दांव-पेंच पर तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल बिजली-सा कर दिया। टीमों के बढ़ते उत्साह और अनवरत पंजीयन को देखते हुए आयोजन समिति ने प्रतियोगिता को एक दिन बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिसके चलते अब ग्रैंड फाइनल आज 8 दिसंबर को होगा।

दो दिनों तक चले कड़े मुकाबलों में खिलाड़ियों का दमखम देखने को मिला। प्रमुख मैचो बालोद बनाम धमतरी में धमतरी विजयी, रायपुर बनाम राजनांदगांव में रायपुर विजयी, करप बनाम हल्बा में करप विजयी, मालगाँव बनाम बनसागर में मालगाँव विजयी, उमरादाह बनाम सुराही में उमरादाह विजयी, गट्टासिल्ली नाम देवगाँव में गट्टासिल्ली विजयी, खरीबदर बनाम बड़े राजपूर कोंडागाँव में खरीबदर विजयी रही। राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी और अन्य जिलों की दमदार टीमों की भिड़ंत ने प्रतियोगिता को और भी शानदार बना दिया है। रात के मुकाबलों में खिलाड़ियों का जुझारूपन दर्शकों को बांधे रखा।



### ग्रामवासियों का उत्साह मैदान में उमड़ा

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक पूरे गांव में कबड्डी का उत्साह चरम पर देखने को मिला। मुकाबलों को देखने उमड़ी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि यह प्रतियोगिता सिर्फ खेल नहीं, बल्कि ग्रामीण खेल संस्कृति का जीवंत उत्सव है। समिति और स्थानीय युवाओं द्वारा मैदान में की गई समुचित व्यवस्थाओं ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया है।

### आज होगा रोमांचक फाइनल

आयोजन समिति के अध्यक्ष बसंत कुंजाम ने बताया कि कुल 35 टीमों की भागीदारी रही है और पंजीयन लगातार जारी रहा। समिति ने आश्वस्त किया कि समापन समारोह 8 दिसंबर को फाइनल मैच के साथ होगा, जहां विजेताओं को नगद पुरस्कार और आकर्षक ट्रॉफियाँ प्रदान की जाएँगी।

## महंगी सब्जियों ने बिगाड़ा रसोई का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के साप्ताहिक बाजार में मटर एवं टमाटर के दरें ज्यादा है, इसका सीधा असर आम परिवारों की रसोई पर पड़ रहा है। लगातार बढ़ते दामों के कारण यह थाली से लगभग गायब हो गई है। बाजार में मटर के दाम 80 से 120 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं, इससे खरीददारों की जेब पर बोझ डाल रही हैं। वहीं दूसरी ओर आवक कम होने से टमाटर की दरें महंगा हो गया है। इससे गृहणियों की रसोई का बजट काफी प्रभावित हुआ है, उन्हें सब्जियां बनाने के लिए सोचना पड़ रहा है। उनको इस बात की भी चिंता है कि रसोई का बजट कैसे संभाला जाए और परिवार के सदस्यों में पोषक तत्वों की कमी भी न होने पाए, ऐसे में महंगी होतीं सब्जियों ने काफी निराश किया है। कई अन्य गृहणियों ने कहा कि बिना सब्जी के भोजन का कोई मतलब नहीं।

## चारामा क्षेत्र में महिलाओं के लिए सिलाई प्रशिक्षण जारी

**कांकेर।** नारीशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेकंड चांस प्रोग्राम के अंतर्गत रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने वाला सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण चारामा विकासखंड के ग्राम पदमपुर में संचालित हो रहा है, जिसमें 10 वीं तक शिक्षा प्राप्त एलुमनाई, समुदाय की लड़कियां एवं माताएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदमपुर, कांटागांव, जवांतरा, परसोदा और किशनपुरी से कुल 30 महिलाएं एवं युवतियां शामिल हैं। प्रशिक्षण अवधि 45 दिनों की है, जिसमें प्रतिभागियों को सिलाई से जुड़े विभिन्न पारंपरिक व आधुनिक कौशल सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण में विशेष रूप से थ्री-स्टाइल शूट डिजाइन, सलवार, कुर्ती-पैंट, स्कूल ड्रेस, एप्रन, कैरी बैग, ब्लाउज और पेटीकोट तैयार करना सिखाया जा रहा है, जिससे वे कौशल के साथ-साथ बेहतर गुणवत्ता का कार्य कर सकें। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा उन्हें आय बढ़ाने के अवसरों से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।



## कथा सभी दुख और कष्ट दूर कर देती है : मिश्रा

### शिव महापुराण की कथा के पहले दिन पहुंचे हजारों भक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा के पहले दिन छतीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों सहित मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, तेलंगाना, बिहार, आंध्रप्रदेश से हजारों भक्त पहुंचे। जिन्होंने जीवन के उद्देश्य, शिव भक्ति के मार्ग और सांसारिक समस्याओं से मुक्ति के लिए शिव पुराण का ज्ञान प्राप्त किया। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा के दौरान कहा कि शिव पुराण मनुष्य को उम्र बढ़ाने के साथ संयम और सच्चे भक्ति मार्ग की सीख देता है।

## बच्चों और पालकों को लैंगिक हिंसा से सुरक्षा और स्वच्छता पर दी गई उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ करीतगांव के एनएसएस स्वयंसेवक कोहकापाल के पारों में पहुंचे

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चल रही सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईकामन 3.0 परियोजना ने दूसरे सप्ताह में ग्राम कोहकापाल के मांझिपारा, पूजारीपारा, तरईपारा, सुग्रापाल और नयापारा में बदलाव की दिशा में पहल की। यह परियोजना छत्तीसगढ़ शासन, स्वच्छ भारत अभियान, यूनिसेफ तथा शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, धरमपुरा के संयुक्त तत्वावधान में संचालित है।




स्वयंसेवकों ने पारों के बच्चों और अभिभावकों से संवाद स्थापित कर स्वच्छता, पौष्टिक आहार, लैंगिक हिंसा से सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर सर्वे किया। इस दौरान कुछ परिवारों ने बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं तथा शाला त्यागने के कारण भी साझा किए। जिन पर स्वयंसेवकों ने सामुदायिक स्तर पर समाधान खोजने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की पहल प्रस्तावित की।

स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि परियोजना का उद्देश्य कुपोषण, बाल विवाह, लैंगिक हिंसा और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि हर बच्चे को सुरक्षित, स्वस्थ और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण मिल सके। पारों में किए गए संवाद ने न केवल समस्याओं को उजागर किया, बल्कि समाधान की दिशा में सहयोगी वातावरण भी तैयार किया।

विद्यालय की प्राचार्य मोनिता पानिग्राही तथा एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर, सहायक अधिकारी वाणी हुमने, लोकेश निषाद और सभी स्वयंसेवकों भरतलाल नाग, परमेश्वर नाग, सोमवती कश्यप, शबनम कश्यप, राहुल बघेल, निर्मल भारती, हेमंत बघेल, सिरधर कश्यप, खुशबू बघेल का योगदान रहा।

